गुजरात वन रेंजर्स कॉलेज (जीएफआरसी), राजपीपला, गुजरात के रेंज वन अधिकारी प्रशिक्षुओं (बैच 2021-2023) का आफरी भ्रमण

गुजरात वन रेंजर्स कॉलेज (जीएफआरसी), राजपीपला, गुजरात के 45 रेंज वन अधिकारी प्रशिक्षुओं (बैच 2021-2023) के एक समूह ने 26 अक्टूबर 2021 को सुश्री नम्रता डी. इटालियन (ए.सी.एफ.), वाईस प्रिंसिपल, जी.एफ.आर.सी. गुजरात के नेतृत्त्व में शुष्क वन अनुसन्धान संस्थान (आफरी), जोधपुर का दौरा किया।

प्रशिक्षुओं के भ्रमण कार्यक्रम के दौरान आफरी, जोधपुर पर एक लघु वृत्तचित्र दिखाया गया। श्रीमती भावना शर्मा, प्रभागाध्यक्ष, विस्तार विभाग ने स्वागत संबोधन दिया। श्री एम.आर. बालोच, आई.एफ.एस., निदेशक, ने आफरी संस्थान का संक्षिप्त परिचय दिया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए बलिदान देने वाले राजस्थान के खेजड़ली गांव की अमृता देवी एवं बिश्नोई समाज के 300 लोगों की भूमिका पर भी प्रकाश डाला।

प्रश्न/उत्तर सत्र के दौरान श्री एम.आर. बालोच, आई.एफ.एस., निदेशक एवं डॉ. जी. सिंह, समूह समन्वयक (अनुसंधान) ने प्रशिक्षुओं द्वारा शुष्क/अर्द्ध शुष्क क्षेत्रों, मिट्टी की क्षारीयता/लवणता, वृक्ष स्थानांतरण तकनीक, राजस्थान के वानस्पतिक आवरण, राजस्थान की विभिन्न काष्ठ प्रजातियों, रोपण तकनीक के बारे में पूछें गये प्रश्नों का उत्तर देते हुए विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षुओं ने आफरी के इंटरप्रिटेशन सेंटर का भी दौरा किया। इस कार्यक्रम में समस्त प्रभागाध्यक्ष, वैज्ञानिक, जन संपर्क अधिकारी एवं विस्तार विभाग के तकनीकी अधिकारी उपस्थित रहे।

DIFFERENT SOIL TYPE OF RAJASTHAN
RESTORATION OF DEGRADED AREA OF ARAVALI THROUGH SOIL AND WATER CONSERVATION
COMMUNITY INVOLVEMENT FOR SDS
PLANTATION
CLAY LOAM
CALCAREOUS

DIFFERENT SOIL TYPE OF RAJASTHAN
RESTORATION OF DEGRADED AREA OF ARAVALI THROUGH SOIL AND WATER CONSERVATION
COMMUNITY INVOLVEMENT FOR SDS
PLANTATION

DEGRADED HILL (2005)
PREPARATION OF SITE
WATER HARVESTING STRUCTURES
शुष्क वन अनुसंधान संस्थान (आफरी), जोधपुर